भारत सरकार
श्रम और रोजगार मंत्रालय
लोक सभा
तारांकित प्रश्न संख्या- *77
सोमवार, 7 फरवरी, 2022/18 माघ, 1943 (शक)

नेशनल करियर सर्विस

***77. श्री धनुष एम. कुमारः**
श्री गौतम सिगामणि पोनः

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) नेशनल करियर सर्विस (एनसीएस) आरंभ किए जाने के लक्ष्य एवं उद्देश्य क्या है;

(ख) एनसीएस को कार्यान्वित करते समय सरकार के समक्ष क्या-क्या चुनौतियां आई हैं;

(ग) तमिलनाडु तथा महाराष्ट्र राज्य में गत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष और वर्तमान वर्ष के दौरान नौकरी खोजने वाले कुल कितने व्यक्तियों को एनसीएस पोर्टल के माध्यम से नियोजित किया गया;

(घ) तमिलनाडु तथा महाराष्ट्र राज्य से ऐसे व्यक्तियों की कुल संख्या कितनी है जिन्होंने गत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष और वर्तमान वर्ष के दौरान सरकारी और निजी क्षेत्र में इस पोर्टल के माध्यम से नौकरी प्राप्त की है; और

(ङ) सरकार द्वारा देशभर में विभिन्न प्रकार के रोजगार के अवसरों तक युवाओं की पहुंच विशेषकर तमिलनाडु तथा महाराष्ट्र के युवाओं की पहुंच को और अधिक बढ़ाने के लिए क्या नए कदम उठाए गए हैं?

उत्तर
श्रम और रोजगार मंत्री
(श्री भूपेन्द्र यादव)

(क) से (ङ): विवरण सदन के पटल पर रखा गया है।

*****

“नेशनल करियर सर्विस” के संबंध में श्री धनुष एम. कुमार, श्री गौतम सिगामणि पोन द्वारा पूछे गए लोक सभा के दिनांक 07-02-2022 के तारांकित प्रश्न संख्या *77 के भाग (क) से (ङ) के उत्तर में संदर्भित विवरण

(क) से (घ): राष्ट्रीय करियर सेवा (एनसीएस) परियोजना सरकार द्वारा रोजगार की खोज और मिलान, करियर परामर्श, व्यावसायिक मार्गदर्शन, कौशल विकास पाठ्यक्रमों पर जानकारी इत्यादि जैसी विभिन्न प्रकार की रोजगार संबंधी सेवाएं प्रदान करने के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म [www.ncs.gov.in] के माध्यम से कार्यान्वित किया जा रहा है। एनसीएस परियोजना का उद्देश्य रोजगार चाहने वालों और नियोक्ताओं को निर्बाध पहुंच प्रदान करना, देश के इच्छुक युवाओं को रोजगार के अच्छे अवसर तथा करियर विकास सहायता की सुविधा प्रदान करना है। एनसीएस पोर्टल रोजगार चाहने वालों और नियोक्ताओं को एक मंच पर लाता है ताकि देश के रोजगार चाहने वालों को रोजगार अवसरों और करियर संबंधी सेवाओं की सुविधा दी जा सके। चूंकि एनसीएस पोर्टल पर रोजगार पर लगाने के अंतिम आंकड़े की पुष्टि अनिवार्य नहीं है, इसलिए रोजगार पर लगाने संबंधी आंकड़े केवल उसी सीमा तक उपलब्ध है, जैसा कि नियोक्ताओं द्वारा स्वेच्छा से सूचित किया गया है।

(ङ): मंत्रालय ने तमिलनाडु और महाराष्ट्र के युवाओं सहित पूरे देश में रोजगार के अवसरों की विशाल विविधता तक युवाओं को पहुंच प्रदान करने हेतु एनसीएस के साथ एकीकरण के लिए विभिन्न निजी रोजगार पोर्टलों के साथ भागीदारी की है। एनसीएस पोर्टल पर 31 जनवरी 2022 तक पंजीकृत सक्रिय रोजगार चाहने वालों की संख्या महाराष्ट्र राज्य से 13.92 लाख है और तमिलनाडु राज्य से 5.72 लाख है।

एनसीएस परियोजना में अन्य बातों के साथ-साथ रोजगार संबंधी सेवाओं तक पहुंच को अधिकतम बनाने के लिए राज्यों और अन्य संस्थानों के सहयोग से आदर्श करियर केंद्रों (एमसीसी) की स्थापना की है। एमसीसी का उद्देश्य रोजगार मेलों का आयोजन करना, नियोक्ताओं को जुटाना, जिला स्तर पर करियर परामर्श प्रदान करना आदि है। महाराष्ट्र राज्य में 5 आदर्श करियर केंद्र और तमिलनाडु राज्य में 10 आदर्श करियर केंद्र स्थापित किए गए हैं।

देश भर में रोजगार के व्यापक अवसरों तक युवाओं की पहुंच बढ़ाने हेतु एनसीएस परियोजना के तहत सरकार द्वारा उठाए गए अन्य कदम इस प्रकार हैं:

(i) एनसीएस पोर्टल ने एक ऑनलाइन रोजगार मेला मॉड्यूल शुरू किया है, जहां रोजगार प्रकाशित करने से उम्मीदवार के चयन तक का पूरा चक्र पोर्टल पर पूरा किया जा सकता है।

(ii) रोजगार चाहने वालों को घर से कार्य वाले रोजगारों तक सीधी पहुंच प्रदान करने के लिए एनसीएस पोर्टल पर एक विशेष लिंक बनाया गया है।

(iii) एनसीएस पोर्टल ने रोजगार चाहने वालों के लिए वीडियो प्रोफाइल बनाने का मॉड्यूल शुरू किया है। रोजगार चाहने वाले, नियोक्ताओं द्वारा शॉर्टलिस्टिंग हेतु अपनी संभावनाओं को बढ़ाने के लिए लघु वीडियो प्रोफ़ाइल बना सकते हैं।

(iv) राष्ट्रीय करियर सेवा (एनसीएस) रोजगार चाहने वालों को उनकी रोजगार क्षमता बढ़ाने के लिए "करियर कौशल" पर एक मुफ्त, स्व-गति से ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम भी प्रदान करती है।

(v) युवाओं को डिजिटल कौशल प्रदान करके उनकी रोजगार क्षमता बढ़ाने हेतु एनसीएस पोर्टल पर डिजी सक्षम कार्यक्रम शुरू किया गया है।

(vi) एनसीएस पोर्टल उन उम्मीदवारों के स्कोर और रैंकिंग के सार्वजनिक प्रकटीकरण के लिंक प्रदान कर रहा है, जो सरकारी भर्ती परीक्षाओं में अंतिम योग्यता सूची में अर्हता प्राप्त नहीं कर पाए हैं ताकि इन उम्मीदवारों के पास एनसीएस पोर्टल पर रोजगार के अन्य विकल्प भी हो सकें। नियोक्ता एनसीएस पोर्टल के माध्यम से इस सार्वजनिक रूप से उपलब्ध जानकारी तक पहुंच सकते हैं।

(vii) एनसीएस पोर्टल पर स्वास्थ्य क्षेत्र हेतु मानव संसाधन पर एक अलग विंडो विकसित की गई है ताकि नियोक्ता अपने प्रमुख कौशल और शैक्षिक योग्यता के आधार पर स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में प्रासंगिक रोजगार चाहने वालों/पेशेवरों को ढूंढ सकें।

******